nt>

Title: Decision taken by the former government regarding implementation of the Ethanol blended fuel.

श्री संतोष गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, कहने को तो वर्तमान सरकार किसानों और आम आदमियों की चिन्ता करने वाली सरकार है, लेकिन काम वह इन दोनों वर्गों के विपरीत करती है। अपने कथन की सत्यता में, मैं ऐसा ही एक अत्यन्त महत्वपूर्ण उदाहरण देना चाहता हूं।

महोदय, पेट्रोलियम मंत्रालय ने, पिछली एन.डी.ए. सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया जिसके तहत, जैसा कुछ देशों में होता है, पेट्रोल के अंदर इथनॉल की ब्लैंडिंग शुरू करने का निर्णय किया था। प्रथम फेज में पांच प्रतिशत और धीरे-धीरे कर के दूसरे फेज में उसे 10 प्रतिशत तक ले जाना था। इससे जहां एक ओर विदेशी मुद्रा की बचत हो रही थी, वहां दूसरी ओर गन्ना किसानों को भी फायदा हो रहा था तथा आम आदमी को सुविधा मिल रही थी, लेकिन वर्तमान यू.पी.ए. सरकार ने उसे ऑप्शनल कर दिया जिसके कारण हर वर्ग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार शराब लॉबी से मिल गई है। इसलिए इथनॉल की ब्लैंडिंग को ऑप्शनल कर दिया गया है। यह सरकार नहीं चाहती कि किसानों की हालत में सुधार हो। इथनॉल की ब्लैंडिंग को ऑप्शनल करने से ब्लैंडिंग का काम रुक जाएगा। ब्राजील में 20 प्रतिशत तक ब्लैंडिंग की जाती है। हमारी सरकार ने दो फेज में सिर्फ 10 प्रतिशत इथनॉल की ब्लैंडिंग का निर्णय लिया था। पहले फेज में 5 प्रतिशत ब्लैंडिंग की जानी थी और दूसरे फेज में 10 प्रतिशत तक ब्लैंडिंग की जानी थी, लेकिन वर्तमान सरकार मंत्री महोदय इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहे हैं।

महोदय, मैं और मेरी सहयोगी श्रीमती सुमित्रा महाजन, इससे परिचित हैं और हम दोनों ही सरकार से मांग करते हैं कि सरकार इस बारे में बयान दे कि सरकार ने पेट्रोल में इथनॉल की ब्लैंडिंग को ऑप्शनल क्यों किया जबकि इससे किसानों की दशा में सुधार होगा और गन्ने के किसानों को भी लाभ होगा ?

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : अध्यक्ष महोदय, इस संबंध में सरकार की ओर से बयान आना चाहिए।

MR. SPEAKER: The name of Shrimati Sumitra Mahajan will be associated with this matter.

The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

13.04 hrs.

<u>The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the clock.</u>